आज



खेल–खिलाड़ी



https://ajhindidaily.com

पटना, गुरुवार, 29 अक्तूबर, 2026

चौथे टी-20 के लिए ईडन पार्क के सभी टिकट बिके

ऑकलैंड (एजेंसी)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच शुक्रवार को ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेले जाने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में भी दर्शकों का सैलाब उमड़ने की उम्मीद है। तीसरे टी20 में अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी की तूफानी बल्लेबाजी के बाद सीरीज के अगले मैच को लेकर उत्साह और बढ़ गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के मुताबिक, मुकाबले के सभी टिकट बिक चुके हैं और करीब 40 हजार

अभिषेक–वैभव के तूफान का असर

दर्शकों के स्टेडियम पहुंचने की संभावना है। यह ईडन पार्क के इतिहास में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की तीसरी सबसे बड़ी दर्शक संख्या हो सकती है।

भारत शुरुआती तीन मुकाबले जीतकर पांच मैचों की सीरीज में अजेय बढ़त हासिल कर चुका है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि शुक्रवार रात होने वाले मुकाबले के लिए 40 हजार से अधिक प्रशंसकों के पहुंचने की संभावना है। यह एनजेडसी की किसी द्विपक्षीय सीरीज के मैच में दर्शकों की संख्या का नया रिकॉर्ड होगा।

इससे पहले 2019 में ईडन पार्क में भारत के खिलाफ ब्लैककैप्स और व्हाइट फर्न्स के डबलहेडर मुकाबले में 36,523 दर्शक पहुंचे थे।

एनजेडसी के मुख्य विपणन एवं वाणिज्यिक अधिकारी ग्लेन क्रिचली ने कहा कि ईडन पार्क में खचाखच भरे स्टेडियम जैसा अनुभव कुछ और नहीं हो सकता। द्विपक्षीय सीरीज में दर्शकों की



संख्या का रिकॉर्ड टूटना दिखाता है कि इस सीरीज को लेकर लोगों में कितना उत्साह है। हमें अच्छी संख्या में दर्शकों के आने की उम्मीद थी, लेकिन इस प्रतिक्रिया ने हमारी उम्मीदों को भी पीछे छोड़ दिया। ईडन पार्क के सभी टिकट बिकना सोने पर सुहागा है।

एथलीट नीरज यादव ने क्यों की आत्महत्या

नयी दिल्ली (एजेंसी)। तीन बार एशियन पैरा गेम्स में भाला फेंक के चैंपियन रहे नीरज यादव का मंगलवार को निधन हो गया। राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स के मुख्य कोच एस. सत्यनारायण ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से इसकी पुष्टि की। नीरज भारत के प्रमुख पैरा एथलीटों में शामिल थे और उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया

पैरा एशियन गेम्स में जीते थे तीन स्वर्ण

था। हालांकि, इस मामले में नए पेंच उलझते जा रहे हैं। कोच ने आईएएनएस से नीरज के आत्महत्या करने की बात कही थी, जबकि पुलिस की जांच में कुछ और ही सामने आया है। भारत के प्रतिभाशाली पैरा–एथलीटों में से एक यादव ने एशियाई पैरा खेलों में तीन स्वर्ण पदक जीते, उन्होंने 2018 में जकार्ता में भाला फेंक में खिताब तथा 2023 में हांगझोउ में भाला फेंक और चक्का फेंक में स्वर्ण पदक जीता था। एफ55 वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाले 42 वर्षीय यादव डोपिंग प्रतिबंध के कारण इस महीने की शुरुआत में आइची–नागोया में खेले गए एशियाई पैरा खेलों में भाग न ले पाने के कारण कथित तौर पर तनाव में थे।नीरज को सात साल की उम्र में पोलियो हो गया था, उन्होंने पहले व्हीलचेयर टेनिस खेलना शुरू किया और फिर पैरा एथलेटिक्स में हाथ आजमाए और



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई. एफ55 वर्ग में शॉट पुट, चक्का फेंक और भाला फेंक सहित बैठकर की जाने वाली खेल स्पर्धाएं शामिल हैं। नीरज ने 2015 में दिल्ली राज्य एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोला फेंक, भाला फेंक और चक्का फेंक में स्वर्ण पदक जीते थे। इसी प्रदर्शन के बाद उन्होंने भारतीय पैरा एथलेटिक्स में पहचान बनानी शुरू की। 2022 में मोरक्को के माराकेच में पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में भी उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था और नया भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। कोच सत्यनारायण के मुताबिक, नीरज ने अपने फ्लैट में आत्महत्या की, लेकिन पुलिस जांच में एक नई जानकारी सामने आई है। 28 अक्तूबर 2026 को रात करीब 12:08 बजे जाफराबाद थाना पुलिस को जीटीबी अस्पताल से सूचना मिली कि एक व्यक्ति को अस्पताल के आपातकालीन विभाग में लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद जांच अधिकारी एसआई विशाल त्यागी पुलिसकर्मियों के साथ दिल्ली के राजीव गांधी अस्पताल पहुंचे।

मौके पर पहुंचने पर पता चला कि मृतक का शव पहले ही जीटीबी अस्पताल की मोर्चरी में भेजा जा चुका था।

जांच के दौरान मृतक को अस्पताल लेकर पहुंची एक महिला ने पुलिस को बताया कि दिसंबर 2025 से उसकी नीरज यादव के साथ दोस्ती थी। महिला

आखिरी मैच में जिम्बाब्वे को आठ विकेट से हराया

वडोदरा (एजेंसी)। भारतीय महिला टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 विकेट से जीत दर्ज की। वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारत ने जिम्बाब्वे को



131 रनों पर समेटने के बाद 132 रनों का लक्ष्य महज 17 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने तीन मैचों की वनडे सीरीज 3–0 से अपने नाम कर ली। इससे पहले भारत ने टी20 सीरीज में भी जिम्बाब्वे का 3–0 से सूपड़ा साफ किया था।

132 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। यास्तिका भाटिया पहली ही गेंद पर बिना खाता खोले आउट हो गईं। इसके बाद हरलीन देओल और प्रतिका रावल ने पारी को संभालते हुए दूसरे विकेट के लिए 59 रन जोड़े। हरलीन 19 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। इसके बाद प्रतिका रावल को शेफाली वर्मा का साथ मिला। दोनों बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए जिम्बाब्वे के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। प्रतिका और शेफाली के बीच तीसरे विकेट के लिए महज 50 गेंदों में 74 रनों की नाबाद साझेदारी हुई, जिसकी बदौलत भारत ने मुकाबला आसानी से जीत लिया। प्रतिका रावल ने 56 गेंदों में नाबाद 59 रन बनाए। उनकी पारी में चार चौके और तीन छक्के शामिल रहे। वहीं, शेफाली वर्मा ने महज 26 गेंदों में 51 रन ठोक दिए। उन्होंने अपनी विस्फोटक पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए। शेफाली की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी ने मुकाबले को पूरी तरह एकतरफा बना दिया। इससे पहले टॉस के बाद बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने संघर्ष करती नजर आई। टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और लोरिन फिरी बिना खाता खोले आउट हो गईं।

Govt. of Bihar

SUPERINTENDENT SADAR HOSPITAL,BHAGALPUR-812001

SHORT TENDER NOTICE

SUPPLY OF DRUGS/MEDICINES,MACHINE, EQUIPMENT AND MISCELLANEOUS ITEMS ETC DURING THE YEAR 2026-2027

For Reparing work in Sadar Hospital Bhagalpur

Tender Reference no. -01		SUPERINTENDENT SADAR HOSPITAL BHAGALPUR
Date of Commencement of sale of Tender Document	:	1 day of Publication in News Paper
Last Date for Sale Of Tender Document	:	07 days after publication in News Paper
Last Date and Time for submission of bid	:	13 days of last publication News Paper
Place of Submission of bid	:	SUPERINTENDENT SADAR HOSPITAL OFFICE, BHAGALPUR-812001
Mode of submission of bid	:	By registered post within 13 days of publication
Security deposit along with bid document	:	Rs. 50,000/-
Time and Date of Opening of Technical Bid	:	12-11-26
List of medicine/material/machinery item etc. will be received from	:	SUPERINTENDENT SADAR HOSPITAL OFFICE , BHAGALPUR- 81200 1 within07 days of publication in News Paper

For further details visit state.bihar.gov.in/prdbihar

PR- 014375 (Health) 2026-27

SUPERINTENDENT
LOK NAYAK JAY PRAKASH NARAYAN
SADAR HOSPITAL BHAGALPUR

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

अर्शदीप सिंह ने टी–20 में बनाया विश्व रिकॉर्ड

वेलिंगटन (एजेंसी)। भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में



एक विकेट लेकर विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मंगलवार को वेलिंगटन के हेनरी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में बढ़त हासिल की। अर्शदीप ने चार ओवर में 33 रन देकर एक विकेट लिया। इसके साथ ही वह एक कैलेंडर वर्ष में पूर्ण सदस्य देशों के गेंदबाजों में संयुक्त रूप से सर्वाधिक टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। अर्शदीप सिंह ने 2026 में अब तक 30 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 39 विकेट लिए हैं। उन्होंने आयरलैंड के तेज गेंदबाज और गुजरात टाइटंस के पूर्व खिलाड़ी जोशुआ लिटिल के रिकॉर्ड की बराबरी की। लिटिल ने 2022 में 39 विकेट हासिल किए थे। अब अर्शदीप भी एक कैलेंडर वर्ष में पूर्ण सदस्य देश के गेंदबाज के तौर पर सर्वाधिक विकेट लेने के मामले में उनके साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

द. अफ्रीका की पारी 329 रन पर सिमटी

केप टाउन (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया ने न्यूलैंड्स में जारी टेस्ट सीरीज के तीसरे और निर्णायक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 329 रन पर समेट दी। मुकाबले के पहले दिन मेजबान खेमे से चार बल्लेबाजों ने अर्धशतक जमाए। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम की शुरुआत दमदार रही। एडेन मार्करम ने मार्केस एकरमैन के साथ पहले विकेट के लिए 158 रन की साझेदारी की। एकरमैन 94 गेंदों में 2 छक्कों और 12 चौकों के साथ 95 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मार्करम ने डेविड बेडिंगहम (50) के साथ दूसरे विकेट के लिए 45 रन जोड़े। मार्करम ने 78 रन बनाए। 141 गेंदों की इस पारी में उनके बल्ले से 1 छक्का और 10 चौके निकले। इस साझेदारी के टूटने के बाद टीम लड़खड़ा गई। आलम ये रहा कि 232 रन तक 6 विकेट गिर गए थे। यहां से रेयान रिकेल्टन ने मार्को यानसेन के साथ सातवें विकेट के लिए 95 रन जोड़कर टीम को 300 के पार पहुंचा दिया। यानसेन 7 चौकों के साथ 52 रन बनाकर आउट हुए, जबकि रिकेल्टन ने 5 चौकों की मदद से 42 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से मिचेल स्टार्क ने 16.3 ओवरों में 72 रन देकर 6 विकेट हासिल किए, जबकि नाथन लियोन ने 2 विकेट चटकाए। जोश हेजलवुड और कूपर कोनोली को 1–1 सफलता हाथ लगी। तेंबा बावुमा की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीकी टीम एडेन मार्करम, मार्केस



एकरमैन, डेविड बेडिंगहम, मैथ्यू ब्रीत्जके, रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), वियान मुल्डर, मार्को जानसेन, साइमन हार्मर, गेराल्ड कोएत्जे और कागिसो रबाडा के साथ इस मैच में उतरी है। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई टीम ट्रेविस हेड, मैट रेनशॉ, मार्नस लाबुशेन, कैमरन ग्रीन, जोश इंग्लिस, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कूपर कोनोली, पैट कमिंस (कप्तान), मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन और जोश हेजलवुड के साथ यह मैच खेल रही है। दक्षिण अफ्रीका ने वनडे सीरीज 2–1 से अपने नाम की थी, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट सीरीज के पहले मैच को 214 रन से अपने नाम किया, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने अगले मुकाबले में पारी और 31 रन से जीत हासिल करते हुए सीरीज को रोमांचक बना दिया।

स्टार्क ने झटके छह विकेट

आईसीसी रैंकिंग में अभिषेक शर्मा फिर शीर्ष पर

दुबई (एजेंसी)। आईसीसी की ताजा पुरुष खिलाड़ी रैंकिंग में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय



क्रिकेट में फिर से नंबर–एक बल्लेबाज का स्थान हासिल कर लिया है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर मार्को यानसेन ने एक साथ टेस्ट गेंदबाज और टेस्ट ऑलराउंडर की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया। यानसेन ने टेस्ट ऑलराउंडरों की सूची में भारत के रवींद्र जडेजा को पीछे छोड़ दिया, जो चार साल से अधिक समय से इस स्थान पर काबिज थे। ताजा रैंकिंग में टेस्ट बल्लेबाजों और गेंदबाजों के साथ वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की सूची में भी कई बदलाव हुए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में तूफानी शतक लगाने का फायदा अभिषेक शर्मा को आईसीसी रैंकिंग में मिला है। भारतीय बाएं हाथ के बल्लेबाज ने ईशान किशन को पीछे छोड़कर टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान फिर से हासिल कर लिया।

श्रेष्ठ की घातक गेंदबाजी, सीएबी सेमीफाइनल में

ट्रैम्फैंट सीसी ने भी अंतिम चार में बनायी जगह

पटना। श्रेष्ठ सुमन की घातक गेंदबाजी के दम पर क्रिकेट एकेडमी ऑफ बिहार (सीएबी) ने द्वितीय विमला देवी मेमोरियल इंटर स्कूल



क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे क्वार्टरफाइनल में करुणा क्रिकेट एकेडमी को तीन विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। श्रेष्ठ ने पांच ओवर में 34 रन देकर चार विकेट चटकाए। वहीं, दिन के तीसरे क्वार्टरफाइनल में ट्रैम्फैंट सीसी ने रॉयल रुल्स को 14 रन से हराकर अंतिम चार में जगह बनायी।

सीएबी ग्राउंड पर बुधवार को खेले गए दूसरे मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए करुणा क्रिकेट एकेडमी की टीम 20.2 ओवर में 129 रन पर ऑलआउट हो गई। सीएबी के श्रेष्ठ सुमन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। राहुल कुमार और शिवम सम्राट ने दो–दो विकेट हासिल किए।


लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएबी की टीम ने शिवम सम्राट की 57 रन की शानदार पारी और आर्यन सिन्हा के 22 रन की मदद से 19.4 ओवर में सात विकेट पर 130 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। अतिरिक्त के रूप में 26 रन मिले। करुणा की ओर से पांडेय कुमार ने दो, जबकि आयुष और आदित्य राज ने एक–एक विकेट लिया। शानदार गेंदबाजी के लिए श्रेष्ठ सुमन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दिन के पहले मुकाबले में रॉयल रुल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।

द्वितीय विमला देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट

ट्रैम्फैंट सीसी ने 21 ओवर में छह विकेट पर 139 रन बनाए। स्पर्श ने 35, आकर्ष राज ने 25 और अंश ने नाबाद 27 रन की पारी खेली। टीम को अतिरिक्त के रूप में 27 रन मिले। रॉयल रुल्स के मौर्य ने तीन और कुणाल ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल रुल्स की टीम 20.1 ओवर में 125 रन पर सिमट गई। मौर्य ने 28, इशु राज ने 24 और आरजू नवाब खान ने 20 रन बनाए। ट्रैम्फैंट के प्रिंस राज ने तीन विकेट झटके, जबकि करन, आदर्श और शिव यादव को दो–दो सफलताएं मिलीं। प्रिंस राज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

राज्य ट्रैक साइकलिंग टीम घोषित

पटना। साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया की देखरेख में झारखंड साइकलिंग एसोसिएशन द्वारा दिनांक 30 अक्टूबर से 4 नवंबर 2026 तक रांची के साइकिलिंग वेलोड्रम पर आयोजित किये जाने वाली 78 वीं राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप मे भाग लेने के लिए बिहार के ट्रैक साइकिलिस्ट राँची पहुंच चुका है। इस बात की जानकारी देते हुए साइकलिंग एसोसिएशन ऑफ़



बिहार के सचिव डॉ.कौशल किशोर सिंह ने बतलाया कि घोषित बिहार ट्रैक साइक्लिंग टीम के साइकिलिस्ट राज्य का अपना वेलोड्राम नहीं होने के कारण देश के विभिन्न राज्यों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे और वहीं से सीधे ट्रैक नेशनल में भाग लेने के लिए रांची पहुंच चुके हैं द्य विभिन्न आयु वर्गों के लिए चयनित ट्रैक साइकिलिस्टों का नाम इस प्रकार है – सीनियर आयु वर्ग– प्रहलाद कुमार, विकास कुमार यादव, मयंक राज, आर्यन तेजस, सुहानी कुमारी, शालिनी कुमारी, प्रियांशु कुमारी, गुड़िया कुमारी। जूनियर आयु वर्ग – अमृता कुमारी, शशि यादव, आर्यन कुमार सिंह, शौर्य, सृष्टि कुमारी। सब – जूनियर आयु वर्ग– दशरथ कुमार, रितिक कुमार, प्रिंस कुमार, अल्ताफ मंसूरी, मुकेश कुमार, पूजा कुमारी। यूथ आयु वर्ग – अंशुमन झा, समर कुमार, सुप्रिया कुमारी, राधा कुमारी एवं रजनी कुमारी। प्रशिक्षक–श्याम कुमार, राजश्री भारती, मैनेजर–तेज नारायण कुमार, टेक्नीशियन–विकास कुमार।

बिहार–बड़ौदा मैच पर मौसम का असर

पटना। कर्नल सी.के. नायडू ट्रॉफी एलीट के अंतर्गत राजगीर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बिहार अंडर–23 और बड़ौदा अंडर–23 के बीच खेले जा रहे चार दिवसीय मुकाबले के दूसरे दिन का खेल टी टाइम के बाद मौसम के कारण बाधित हो गया। स्टंप्स तक बड़ौदा अंडर–23 ने बिहार पर 214 रनों की बढ़त बना ली है, जबकि उसके सात विकेट शेष हैं। बिहार अंडर–23 की पहली पारी 42.2 ओवर में 102 रन बनाया। इसके जवाब में बड़ौदा अंडर–23 ने अपनी पहली पारी में 55.3 ओवर में 175 रन बनाए और पहली पारी के आधार पर 73 रनों की बढ़त हासिल की। इसके बाद बड़ौदा की दूसरी पारी में टीम 39 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 141 रन बना चुकी है। इस प्रकार उपलब्ध स्कोर के अनुसार बड़ौदा की कुल बढ़त 214 रन हो गई है।

डब्ल्यूपीएल 2027 के लिए सभी टीमों का स्क्वॉड हुआ तय

नयी दिल्ली (एजेंसी)। बीसीसीआई की तरफ से आयोजित की जाने वाली विमेंस प्रीमियर लीग का अगला सीजन साल 2027 में 14 जनवरी से 7 फरवरी तक खेला जाएगा, जिसके शेड्यूल का ऐलान अब जल्द कर दिया जाएगा। 28 अक्टूबर को आगामी पांचवें सीजन के लिए बीसीसीआई की तरफ से कोच्चि में प्लेयर ऑक्शन का आयोजन किया गया जिसमें कुल 150 खिलाड़ियों को शामिल किया गया और सभी टीमों को मिलाकर कुल 27 स्लॉट खाली थी। ऑक्शन खत्म होने के बाद कुल 25 खिलाड़ी अलग–अलग टीमों का हिस्सा बने और इसमें सबसे ज्यादा यूपी वॉरियर्स ने खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया जिनके पास कुल 8 स्लॉट खाली थे। इस बार हुए मिनी ऑक्शन में सबसे महंगी खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया की सोफी मोलिनेक्स रहीं जिनको यूपी वॉरियर्स ने उनके बेस प्राइस 50 लाख रुपये से 1 करोड़ 10 लाख रुपये में अपना हिस्सा बनाया। वहीं स्नेह राणा ने 30 लाख रुपये लेने में कामयाब रहीं।

यूपी वॉरियर्स – दीप्ति शर्मा, हरलीन देयोल, क्रांति गौड़, मनाली दक्षिणी, सहाना पवार, आशा सोभना, प्रतिका रावल, शिखा पांडे, शिप्रा गिरी, सिमरन शेख, स्नेह राणा, सुषमा वर्मा, ग्रेस हैरिस, कैथरीन ब्राइस, मेग लैनिंग, फोएबे लिचफील्ड, सोफी एक्लेस्टोन, तारा नॉरिस, सोफी मोलिनक्स। **गुजरात जाएंट्स** – अनुष्का शर्मा, एश्ले गार्डनर, बेथ मूनी, भारती फुलमाली, जॉर्जिया वेयरहैम, हैप्पी कुमारी, जिन्तिमणि कलिता, कनिका आहूजा, काश्वी गौतम, किम गर्थ, राजेश्वरी गायकवाड, रेणुका सिंह, सोफी डिवाइन, तनुजा कंवर, यास्तिका भाटिया, जी कमलिनी, ऑर्ला प्रेंडरगैस्ट, समायरा राघव।

दिल्ली कैपिटल्स – एनाबेल सदरलैंड, चिनेले हेनरी, दीया यादव, जेमिमाह रोड्रिग्ज, लौरा वोल्वार्ड्ट, लुसी हैमिल्टन, ममता मादीवाला, मारिजाने केप्प, मिन्नू मणि, एन श्री चरणानी, नंदिनी शर्मा, निकी प्रसाद, शैफाली वर्मा, किरण नवगिरे, किर्स्टी गॉर्डन, उमा काश्वी, किर्स्टी गॉर्डन, नाजमा खान। **मुंबई इंडियंस** – अमनजोत कौर, अमेलिया केर, हरमनप्रीत कौर, हेले मैथ्यूज, नताली साइवर ब्रंट, निकोला कैरी, राहिला फिरदौस, सजीवन सजना, संस्कृति गुप्ता, शबनीम इस्माइल, वैष्णवी शर्मा, सानिका चालके, श्वेता सहरावत, अक्षिता भगत। **रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु** – अरुंधति रेड्डी, एलिसे पेरी, जॉर्जिया वोल, लॉरेन बेल, नादिन डी क्लार्क, पूजा वस्त्राकर, प्रथ्योषा कुमार, प्रेमा रावत, राधा यादव, ऋचा घोष, सयाली सतघरे, श्रेयंका पाटिल, स्मृति मंधाना, जेस जोनासेन, तेजल हसब्निस, वृंदा दिनेश, क्लो ट्रायॉन।

खुशी, रिया, कोमल, देवप्रिया, साधना और सुहानी चैम्पियन

पटना। खेल विभाग, बिहार तथा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में जिला प्रशासन, पटना द्वारा वार्षिक खेल कार्यक्रम 2026–27 के तहत बुधवार से पाटलिपुत्र खेल परिसर में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय (अंतर

राज्य स्तरीय विद्यालय बालिका ताइक्कांडो प्रतियोगिता

प्रमंडल) विद्यालय बालिका अंडर–14 एवं अंडर–19 ताइक्कांडो प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। बालिका अंडर– 14 के 26–29 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल मुकाबले में मगध प्रमंडल की खुशी कुमारी ने पटना प्रमंडल की यासिका राज को हराकर स्वर्ण पदक जीता। जबकि दरभंगा प्रमंडल की श्रेया चौधरी एवं तिरहुत प्रमंडल की राईतीश ने कांस्य पदक जीता। वहीं इस आयु वर्ग के 20–22 किलोग्राम भार वर्ग में तिरहुत प्रमंडल की रिया कुमारी ने स्वर्ण पदक जीता। बालिका अंडर– 19 आयु वर्ग के 40–42 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल मुकाबले में मुंगेर प्रमंडल की कोमल



कुमारी ने सारण प्रमंडल की रुबी कुमारी हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस मुकाबले का कांस्य पदक मगध प्रमंडल की रुपम पांडेय एवं तिरहुत प्रमंडल की तान्या ने जीता। इस आयु वर्ग के 44–46 किलोग्राम भार वर्ग के मुकाबले में पटना प्रमंडल की देवप्रिया ने मुंगेर प्रमंडल की अस्मिता को हराकर स्वर्ण पदक जीता। जबकि मगध प्रमंडल की पल्लवी गुप्ता एवं सारण प्रमंडल की राजलक्ष्मी ने कांस्य पदक जीता। 52–55 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल मुकाबले में सारण प्रमंडल की साधना ने मगध प्रमंडल की रिमी को हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं पटना प्रमंडल की अभिशी कश्यप एवं मुंगेर प्रमंडल की अनुशका आजाद ने कांस्य पदक जीता। 63–68 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल मुकाबले में तिरहुत प्रमंडल की सुहानी ने पूर्णिया प्रमंडल की तिया झा को हराकर स्वर्ण पदक जीता। जबकि पटना प्रमंडल की अंजलि कुमारी एवं मुंगेर प्रमंडल की प्रकृति कुमारी ने कांस्य पदक जीता। इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन संजय कुमार सहायक निदेशक, खेल विभाग, जयनारायण कुमार जिला खेल पदाधिकारी, पटना ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

बिहार सरकार

प्रपत्र VII
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अर्जन निदेशालय)
या
समाहर्ता–सह–समुचित सरकार
अधिघोषणा
(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–19(1) के अधीन)

चूँकि बिहार सरकार / समाहर्ता को प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा–**परियोजना पथ प्रमंडल, रोसड़ा अन्तर्गत मणिका (एस0एच0–88) से विक्रमपुर (एन0एच0–322) भाया श्रीराम जानकी मेडिकल कॉलेज नरघोघी, सरायरंजन बाईपास पथ के निर्माण** के लिए राजस्व ग्राम–**नरघोघी (ज), (ख)**, थाना नं0–**289**, राजस्व थाना–**समस्तीपुर** अंचल–**सरायरंजन**, जिला–**समस्तीपुर** में रकवा **0.14525** एकड़ अर्थात् **0.05878** हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन भू–खंड है जो मापक माप से कमोवेश **0.14525** एकड़ अर्थात् **0.05878** हेक्टेयर है और ग्राम–**नरघोघी (ज), (ख)**, थाना नं0–**289**, राजस्व थाना–**समस्तीपुर** अंचल–**सरायरंजन**, जिला–**समस्तीपुर** में है, जिसका विवरण निम्नवत हैः–

क्रम सं0	खाता सं0	सर्वे भूखंड संख्या	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्र (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0) उ0	द0	पू0	प0
1	113	1749	निजी	भीठ	0.0115	राजबली भगत वो विनोद भगत पे0 राम उचित भगत वो अनिल भगत वो अरूण भगत पे0 गुनी भगत	सीट–1	खेसरा सं0–1750	खेसरा सं0–1748	सड़क
2	113	1750	निजी	मकान मय सहन	0.0025	राजबली भगत वो विनोद भगत पे0 राम उचित भगत वो अनिल भगत वो अरूण भगत पे0 गुनी भगत	खेसरा सं0–1750	खेसरा सं0–1743	खेसरा सं0–1749	सड़क
3	113	1743	निजी	भीठ	0.015	राजबली भगत वो विनोद भगत पे0 राम उचित भगत वो अनिल भगत वो अरूण भगत पे0 गुनी भगत	खेसरा सं0–1749	खेसरा सं0–1742	खेसरा सं0–1748	सड़क
4	30	1742	निजी	भीठ	0.01125	भूषण भगत पे0 अवध भगत वो राम प्रवेश भगत पे0 कारी भगत वगैरह	खेसरा सं0–1743	खेसरा सं0–1741	खेसरा सं0–1744	सड़क
5	30	1741	निजी	भीठ	0.008	भूषण भगत पे0 अवध भगत वो राम प्रवेश भगत पे0 कारी भगत वगैरह	खेसरा सं0–1742	खेसरा सं0–1735	खेसरा सं0–1734	सड़क
6	30	1739	निजी	भीठ	0.008	भूषण भगत पे0 अवध भगत वो राम प्रवेश भगत पे0 कारी भगत वगैरह	खेसरा सं0–1741	खेसरा सं0–1735	खेसरा सं0–1740	सड़क
7	30	1740	निजी	भीठ	0.004	राम अशीष भगत वो जगरनाथ भगत वो बैद्यनाथ भगत वो गणेश भगत पे0 स्व0 फौदार भगत	खेसरा सं0–1741	खेसरा सं0–1735	खेसरा सं0–1734	सड़क
8	186	1736	निजी	भीठ	0.0125	महेश भगत वो नरेश भगत वो उमेश भगत वो राजेश भगत पे0 महेश्वर भगत	खेसरा सं0–1735	सीट–1	खेसरा सं0–1337	सड़क
9	108	1737	निजी	भीठ	0.03	रामपृत झा पे0 स्व0 जयकांत झा वो तेजनारायण झा वो महेन्द्र झा पे0 धनीक लाल झा वो शंकर झा वो शम्भू झा पे0 सहदेव झा	खेसरा सं0–1736	खेसरा सं0–1736	खेसरा सं0–1737	सड़क
10	186	1738	निजी	भीठ	0.0075	रामपृत झा पे0 स्व0 जयकांत झा वो तेजनारायण झा वो महेन्द्र झा पे0 धनीक लाल झा वो शंकर झा वो शम्भू झा पे0 सहदेव झा	खेसरा सं0–1736	सीट–1	खेसरा सं0–1737	सड़क
11	17	1769	निजी	भीठ	0.01	रामेश्वर चौधरी पे0 अवध चौधरी	सीट–1	खेसरा सं0–1772	सड़क	खेसरा सं0–1771
12	170	1773	निजी	मकान मय सहन	0.003	तेजनारायण झा पे0 स्व0 धनीक लाल झा वो राम शंकर झा पे0 सहदेव झा वो रामपृत झा जयकांत झा	खेसरा सं0–1769	खेसरा सं0–1772	सड़क	खेसरा सं0–1772
13	211	1773	निजी	भीठ	0.02	तेजनारायण झा पे0 स्व0 धनीक लाल झा वो राम शंकर झा पे0 सहदेव झा वो रामपृत झा जयकांत झा वो संतोष झा पे0 मधुकांत झा	खेसरा सं0–1769	खेसरा सं0–1774	सड़क	खेसरा सं0–1778
14	129	1774	निजी	भीठ	0.002	अजीत झा पे0 राम स्वार्थ झा	खेसरा सं0–1772	सीट–1	सड़क	खेसरा सं0 –1775

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30 / 2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किये गये हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः–

गाँव ...X..... थाना ...X..... थाना सं0 ...X..... अंचल ...X..... एवं जिला ...X..... क्षेत्र ...X..... एकड़

उपर्युक्त भूमि या किसी उपर्युक्त भूमि के विशेष भाग में पड़े कोयला खादान, लौह पत्थर, स्लेट या अन्य खनिज हैं, ऐसे भागों में पड़े हुए खादान एवं खनिज जिसे उस प्रयोजन जिसके लिए भूमि अर्जित की गई है परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाया अथवा उपयोग किये जाने की अपेक्षा है को छोड़कर, आवश्यक नहीं है।

जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, समस्तीपुर के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

समाहर्ता
समस्तीपुर

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No.014258 (Rvenue) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।